कार्यालय उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य धौलपुर।

क्रमांकःएफ( )सर्वे / उवसं / 2023—24 / 193 दिनांकः 15.02.2024

निमित्त,

अधिशाषी अभियंता,
जल संसाधन विभाग,खण्ड—द्वितीय, धौलपुर।
Email Id- eewrdlp22@gmail.com

विषयः— कालीतीर लिफ्ट स्कीम, धौलपुर (राजस्थान) वनभूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव संख्या FP/RJ/Water/153642/2022 क्षेत्रफल 14.8859 हैक्टेयर।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उक्त प्रस्ताव राष्ट्रीय घडियाल अभयारण्य में 1.0744 हैक्टर एवं धौलपुर डिवीजन के अधीन रक्षित वनखण्ड मदनपुर में 13.8115 हैक्टेयर, कुल क्षेत्रफल (1.0744+13.8115) 14.8859 हैक्टेयर वनभूमि पर ड्रिकिंग वाटर पाइप लाइन हेतु वर्ष 2022 में आप द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

तत्समय उक्त प्रकरण में शामिल रक्षित वनखण्ड मदनपुर डिवीजन धौलपुर के अधीन था किन्तु राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प03(20)वन / 2023 जयपुर दिनांक 28.09.2023 द्वारा उद्घोषित धौलपुर अभयारण्य एवं राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प03(20)वन / 2023 जयपुर दिनांक 06.10.2023 द्वारा उद्घोषित धौलपुर—करौली टाईगर रिर्जव में वनखण्ड मदनपुर शामिल कर अभयारण्य एवं टाईगर रिर्जव घोषित हो गया है तथा वन मण्डल (वन्यजीव) राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य धौलपुर के अधीन आ गया है।

इस प्रकार विषयांकित समस्त वन भूमि (14.8859 हैक्टर) धौलपुर—करौली टाईगर रिजर्व का भाग है तथा वनमण्डल (वन्यजीव) राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य, धौलपुर के अधीन है। विषयांकित प्रस्ताव में प्रस्तावित समस्त वनभूमि पर वन्यजीव अधिनियम / नियम लागू होते है। इसलिए उक्त प्रस्ताव में अब नियमानुसार संशोधन कर, संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि प्रकरण में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(अनिल कुमार यादव)
उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य, धोलपुर

क्रमांकःएफ( )सर्वे / उवसं / 2023—24 / 194-195 दिनांकः 15.02.2024

प्रतिलिपिः—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान् अति.प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी, एफसीए, अरण्य भवन, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य, धोलपुर